Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No. PBBIL/26/A0779




Wednesday - 08 April - 2026 | Year - 01 | Issue - 02 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

## हरियाणा में पर्यावरण संरक्षण पर बड़ा आदेश, पेड़ों की कटाई पर रोक



हरियाणा में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक बड़ा और सख्त आदेश जारी किया गया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पूरे राज्य में बिना अनुमति पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी है। यह आदेश ट्राइसिटी क्षेत्र में प्रस्तावित रिंग रोड परियोजना से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान दिया गया। अदालत ने कहा कि हरियाणा में पहले से ही वन क्षेत्र बहुत कम है, ऐसे में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। इस परियोजना के तहत हजारों पेड़ों को काटने की

## मोहाली नगर निगम भंग, अब प्रशासनिक अधिकारी संभालेंगे



मोहाली नगर निगम को पंजाब सरकार ने भंग कर दिया है, जिससे स्थानीय प्रशासन में बड़ा बदलाव आया है। यह निर्णय नगर निगम के कार्यकाल समाप्त होने और नए चुनावों में देरी के चलते लिया गया। सरकार के आदेश के अनुसार, मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर समेत सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों के पद समाप्त कर दिए गए हैं। अब नगर निगम का संचालन प्रशासनिक अधिकारियों के हाथों में रहेगा, जब तक कि नए चुनाव नहीं कराए जाते। सरकार ने संकेत दिए हैं कि आने वाले समय में नगर निगम चुनाव कराए जाएंगे, जिसके बाद नई टीम का गठन होगा। इस फैसले को प्रशासनिक पुनर्गठन और चुनावी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है।

# टाईकॉन चंडीगढ़ 2026: स्वदेशी नवाचार और वैश्विक प्रभाव पर मंथन 10–11 अप्रैल को




चंडीगढ़, 8 अप्रैल। भारत की तेजी से विकसित हो रही आईटी क्षमता और स्वदेशी नवाचारों पर वैश्विक स्तर की चर्चा के लिए टाईकॉन चंडीगढ़ 2026 का 11वां संस्करण 10 और 11 अप्रैल को हयात रीजेंसी, चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा। 'इंडिजेनस इनोवेशन, ग्लोबल इम्पैक्ट' थीम पर आधारित इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के उद्यमी, निवेशक, नीति-निर्माता और तकनीकी विशेषज्ञ भाग लेंगे।इस कार्यक्रम में हरियाणा के राज्यपाल आशीम कुमार घोष, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित कई प्रमुख हस्तियां भाग लेकर विचार साझा करेंगी। सम्मेलन का उद्देश्य भारत के स्वदेशी नवाचारों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाना है।टाई चंडीगढ़ चैप्टर के प्रेसिडेंट पुनीत वर्मा ने बताया कि भारत अब केवल कम लागत वाले बैक ऑफिस के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि नवाचार और तकनीकी समाधान का वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की मजबूत डिजिटल संरचना और तकनीकी प्रगति वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।टाई चंडीगढ़ के वाइस प्रेसिडेंट ब्रह्म अलरेजा के अनुसार सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा और नवाचार जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में पैनल चर्चा, फायरसाइड चैट और इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित होंगे।जनरल सेक्रेटरी रवि शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा, एसटीपीआई के डायरेक्टर जनरल अरविंद कुमार, हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त डॉ. अमित कुमार अग्रवाल सहित

## JEE Main परीक्षा के दिन मोहाली के सेक्टर-82 JLPL में लगा भीषण जाम, पुलिस व्यवस्थापर उठे गंभीर सवाल

मोहाली, 8 अप्रैल (Azadvaani)। सेक्टर-82 के रेलवे रोड पर मंगलवार को भारी ट्रैफिक जाम के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे दफ्तर जाने वाले लोग, छात्र और आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हुईं।आज हालात इसलिए और गंभीर हो गए क्योंकि इलाके में JEE Main परीक्षा का केंद्र होने के कारण बड़ी संख्या में छात्र और उनके अभिभावक एक ही समय पर यहां पहुंचे। अचानक बढ़े वाहनों के दबाव के कारण ट्रैफिक पूरी तरह से अव्यवस्थित हो



गया और कई वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर आम दिनों में भी ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है, लेकिन आज का जाम बेहद गंभीर था। लोगों ने आरोप लगाया कि ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए मौके पर कोई पुलिस कर्मी मौजूद नहीं था, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।इस घटना को लेकर लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी गई। स्थानीय निवासियों ने मांग की कि भविष्य में परीक्षाओं जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर पहले से ट्रैफिक प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## अमेरिका–ईरान युद्धविराम से मिली अस्थायी राहत




मध्य-पूर्व में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका और ईरान ने अस्थायी रूप से दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति जताई है। इस समझौते का उद्देश्य क्षेत्र में जारी संघर्ष को रोकना और संभावित बड़े युद्ध को टालना बताया जा रहा है। युद्धविराम के दौरान दोनों देशों के बीच आगे की शांति वार्ताओं का रास्ता भी खुल सकता है।

संघर्ष तब तेज हो गया था जब अमेरिका और उसके सहयोगियों ने ईरान के कुछ रणनीतिक ठिकानों पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने मिसाइल और ड्रोन हमलों से प्रतिक्रिया दी। इससे पूरे मध्य-पूर्व में तनाव बढ़ गया और वैश्विक तेल आपूर्ति पर भी असर पड़ा।

विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनी से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में चिंता बढ़ गई थी।

युद्धविराम समझौते के तहत ईरान ने सीमित अवधि के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और जहाजों को सुरक्षित मार्ग देने पर सहमति दी है। इससे वैश्विक तेल परिवहन के सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है, हालांकि कई कंपनियां अभी भी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे शांति की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता अभी नाजुक है और स्थायी समाधान के लिए आगे होने वाली वार्ताएं निर्णायक साबित होंगी।

Authorised Dealer/Distributor

Industrial Pumps | Mechanical Seals | Pump Spares









A. M. ENGINEERING
279, Industrial Area, Phase-II, Chandigarh 160002
+91-9417455482
+91-9878316683
am.engg@yahoo.com
info@amengineering.in




Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. RNI Number: PBBIL/26/A0779.